an>

Title: Need to give subsidies on natural fertilizers, insecticides and pesticides.

श्री पी.पी.चौधरी (पाली) : माननीय उपाध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने एक महत्वपूर्ण विषय पर बोलने का मौका दिया। हाल ही में केमिकल फर्टिलाइजर मिनिस्टर ने एक लिखित उत्तर में जवाब दिया कि केमिकल फर्टिलाइजर पर लाखों की सब्सिडी है। केमिकल फर्टिलाइजर से हमारी मिट्टी और स्वास्थ्य जुड़ा हुआ है, यह दिनों दिन खराब होती जा रही है। लेकिन नेचुरल फर्टिलाइजर पर किसी तरह की सब्सिडी नहीं है। अगर हम आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देना चाहते हैं तो हमें नेचुरल फर्टिलाइजर पर भी सब्सिडी देनी पड़ेगी, तभी किसान उसे यूज़ करेगा, इससे न हमारी मिट्टी खराब होगी और न ही स्वास्थ्य पर उसका बुरा असर पड़ेगा। केमिकल फर्टिलाइजर के साथ इन्सेक्टिसाइडस और पेस्टिसाइडस भी जुड़ा हुआ है, उस पर सब्सिडी है, लेकिन नेचुरल इन्सेक्टिसाइडस और पेस्टिसाइडस पर कोई सब्सिडी नहीं है। मैं आपके माध्यम से माननीय वित्त मंत्री जी से, माननीय केमिकल और फर्टिलाइजर मंत्री से और माननीय प्रधानमंत्री जी से निवेदन करना चाहूंगा कि नेचुरल फर्टिलाइजर और नेचुरल इन्सेक्टिसाइड और पेस्टिसाइड पर भी सब्सिडी का प्रावधान रखा जाए। बहुत बहुत धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Shri Deviji M. Patel and Shri Gajendra Singh Shekhawat are allowed to associate with the issue raised by Shri P.P. Chaudhary.

श्री भगवंत मान (संगरूर): महोदय, मैं पंजाबी में बोलना चाहता हूं।

HON. DEPUTY SPEAKER: If you want to speak in Punjabi, the interpretation is not available. I will ask the Interpreter to come. You wait till then.